गहन देखभाल इकाई	2	गंभीर रोगों से ग्रस्त रोगियों के आंकलन में कौशल विकसित करना और जटिल स्वास्थ्य स्थितियों वाले रोगियों को देखभाल प्रदान करना	• जटिल रोगों से ग्रस्त रोगियों का आंकलन • धमनी पंचर, ईटी ट्यूब इंटुबेषण और एक्सट्यूबेशन में सहायता करना • एबीजी विश्लेषण और व्याख्याः श्वसन अम्लीयता, श्वसन क्षारीयता, चयापचय अम्लीयता, चयापचय क्षारीयता • वेंटीलेटर के मोड का व्यवस्थापन और वेंटिलेटर पर रोगी की देखभाल • उपकरणों को ट्राली पर व्यवस्थित करना • चेस्ट ड्रेनेज सिस्टम की निगरानी और रखरखाव • बैग और मास्क वेंटिलेशन • केंद्रीय और परिधीय लाइनों की सहायता और रखरखाव • इनफ्यूजन पंप का व्यवस्थापन, डीफिब्रिलेटर • औषधि प्रशासनः इनफ्यूजन, इंट्राकार्डिक, इंट्राथिकल, एपिड्यूरल • पेसमेकर की निगरानी • आईसीयू देखभाल बंडल • आईसीयू में मरणासन्न रोगी का प्रबंधन	• हेमोडायनेमिक निगरानी • आईसीयू में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न पैमाने • जटिल बीमार रोगियों के साथ संवाद	• नैदानिक मूल्यांकन • ओएससीई • देखभाल अध्ययन • प्रनोत्तरी • रास परिमाण आंकलन • VAE bundle VAP, CAUTI, BSI का प्रयोग • मामले की प्रस्तुति

व्यावसायिकता, व्यावसायिक मान्यताएं और नैतिकता एवं जैवनैतिकता

स्थापनः सत्र–4

सैद्धांतिकः 1 क्रेडिट (20 घंटे)

निरूपणः यह पाठ्यक्रम छात्रों को व्यावसायिकता की समझ विकसित करने और नैतिकता एवं पेशेवर मूल्यों के साथ अपने कार्यस्थल में पेशेवर व्यवहार प्रदर्शित करने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है। इसके अलावा छात्र नर्सिंग अभ्यास में नैतिक मुद्दों की पहचान करने और स्वास्थ्य दल के सदस्यों के साथ नैतिक निर्णय लेने में प्रभावी रूप से भाग लेने में सक्षम होंगे।

कार्यनिर्वाह क्षमताः इस पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. व्यवसाय और व्यावसायिकता की व्याख्या।
2. व्यावसायिकता की चुनौतियों की पहचान।
3. अन्य स्वास्थ्य दल के सदस्यों, रोगियों और समाज के साथ शिष्टतापूर्वक संवाद और संबंध बनाना।
4. व्यावसायिक आचरण का प्रदर्शन।
5. नर्सिंग से संबंधित विभिन्न नियामक निकायों और पेशेवर संगठनों की व्याख्या।

6. रोगी देखभाल में व्यावसायिक मूल्यों के महत्वों की चर्चा।
7. व्यावसायिक मूल्यों की व्याख्या और नर्सिंग अभ्यास में उचित व्यावसायिक मूल्यों का प्रदर्शन।
8. स्वास्थ्य देखभाल स्थापना में अनुकंपनीय देखभाल प्रदान करने में भूमिका और जिम्मेदारियों का प्रदर्शन तथा प्रतिबिंबन।
9. स्वयं, रोगियों और उनकी देखभाल करने वालों तथा अन्य स्वास्थ्य दल के सदस्यों के साथ सम्माननीय, मानवीय, मर्यादित और निजता एवं गोपनीयता का प्रदर्शन।
10. रोगियों की भलाई, व्यावसायिक विकास और व्यावसायिक उन्नति के लिए हिमायत करना।
11. नर्सिंग और स्वास्थ्य देखभाल में नैतिक और जैवनैतिक प्रयोजनों, मुद्दों और दुविधाओं की पहचान।
12. स्वास्थ्य दल के सदस्यों के साथ नैतिक निर्णय लेने में नैतिकता और जैवनैतिकता का ज्ञान लागू करना।
13. रोगी के अधिकारों की रक्षा करना और उनका सम्मान करना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	5 (टी)	नर्सिंग पर एक व्यवसाय के रूप में चर्चा	**व्यावसायिकता** **व्यवसाय** • व्यवसाय की परिभाषा • व्यवसाय के मानदंड • व्यवसाय के रूप में नर्सिंग	• व्याख्यान एवं चर्चा	• लघु उत्तर • निबंध • वस्तुनिष्ठ
		व्यावसायिकता की अवधारणाओं और विशेषताओं की व्याख्या	**व्यावसायिकता** • व्यावसायिकता की परिभाषा एवं विशेषताएं • व्यावसायिकता की अवधारणा, गुण और संकेतक		
		व्यावसायिकता की चुनौतियों की पहचान	• **व्यावसायिकता को चुनौतियां** o व्यक्तिगत पहचान बनाम व्यावसायिक पहचान		
		अन्य स्वास्थ्य दल के सदस्यों, रोगियों और समाज के साथ शिष्टतापूर्वक संवाद और संबंध बनाना	o स्व–सत्यनिष्ठा का संरक्षणः सत्यनिष्ठा के लिए खतरा, रोगी को धोखा देनाः जानकारी छुपाना और रिकॉर्ड को गलत ठहराना	• विचार–विमर्श	
			o दल के सदस्यों के साथ संवाद एवं संबंधः नैतिक निर्णय लेने के लिए प्रासंगिक हितों से संबंधित खुला संवाद और संबंध	• वार्तालाप	
		व्यावसायिक आचरण का प्रदर्शन	o रोगियों और समाज के साथ संबंध **व्यावसायिक आचरण**		
		रोगियों, सहकर्मियों और समाज के बीच व्यावसायिक सीमाओं का सम्मान और रखरखाव	• नैतिक सिद्धांतों का पालन • संस्थानों की नीतियों, नियमों और विनियमन का पालन करना • व्यावसायिक शिष्टाचार और व्यवहार • व्यावसायिक अलंकरणः यूनिफ़ॉर्म, ड्रेस कोड • व्यावसायिक सीमाएंः रोगियों, देखभाल प्रदाताओं और दल के सदस्यों के साथ व्यावसायिक संबंध	• मामले पर आधारित चर्चा	
		विनियामक निकायों और पेशेवर संगठनों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की व्याख्या	**विनियामक निकाय और व्यावसायिक संगठनः भूमिका एवं जिम्मेदारियां** • **विनियामक निकायः** भारतीय उपचर्या परिषद्, राज्य उपचर्या परिषद्	• व्याख्यान एवं चर्चा	

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• **व्यावसायिक संगठनः** ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीएनएआई), स्टूडेंट नर्सेज एसोसिएशन (एसएनए), नर्सेज लीग ऑफ क्रिश्चियन मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेज (आईसीएन) और इंटरनेशनल कनफेडरेशन ऑफ मिडवाइव्स	• आईएनसी, एसएनसी, टीएनएआई का दौरा	• दौरे की रिपोर्ट
II	5 (टी)	व्यावसायिक मूल्यों के महत्व पर चर्चा व्यक्तिगत मूल्यों और व्यावसायिक मूल्यों के बीच अंतर नर्सिंग अभ्यास में उचित व्यावसायिक मूल्यों का प्रदर्शन	**व्यावसायिक मूल्य** • मूल्यः मूल्यों की परिभाषा और विशेषताएं • मूल्य स्पष्टीकरण • व्यक्तिगत और व्यावसायिक मूल्य • व्यावसायिक समाजीकरणः व्यक्तिगत मूल्यों एवं व्यावसायिक मूल्यों का एकीकरण **नर्सिंग में व्यावसायिक मूल्य** • नर्सिंग और स्वास्थ्य देखभाल में पेशेवर मूल्यों का महत्व • देखभालः परिभाषा और प्रक्रिया • अनुकंपाः सहानुभूति बनाम संवेदना, परोपकारिता • कर्त्तव्य निष्ठा • कार्य के प्रति अनुराग / समर्पण • व्यक्ति के प्रति सम्मान – मानवीय गरिमा • निजता और गोपनीयताः आकस्मिक प्रकटीकरण • ईमानदारी और सत्यनिष्ठाः सत्य उजागर करना • विश्वास और विश्वसनीयताः निष्ठा, वफादारी • वकालतः रोगियों, कार्य वातावरण, नर्सिंग शिक्षा और अभ्यास, और पेशे को आगे बढ़ाने के लिए वकालत	• व्याख्यान एवं चर्चा • मूल्य स्पष्टीकरण अभ्यास • पारस्परिक अध्ययन • कथा निरूपण • अनुभव साझा करना • परिदृश्य आधारित चर्चा	• लघु उत्तर • निबंध • रोगियों और परिवारीजनों के साथ छात्र के व्यवहार का आंकलन
III	10 (टी)	नैतिकता और जैवनैतिकता की व्याख्या नैतिक सिद्धांतों की व्याख्या नैतिक प्रयोजनों की पहचान	**नैतिकता एवं जैवनैतिकता** **परिभाषाएंः नैतिकता, जैवनैतिकता एवं नैतिक सिद्धांत** • उपकारिता • अनिष्टता विरोधी – रोगी सुरक्षा, रोगी को नुकसान से बचाना, त्रुटियों की रिपोर्ट करना • न्याय : प्रत्येक व्यक्ति के साथ समान व्यवहार करना • बिना भेदभाव के देखभाल करना, जनता की देखभाल और सुरक्षा के लिए समान पहुंच • स्वायत्तताः रोगियों की स्वायत्तता, आत्मनिर्णय, पसंद की स्वतंत्रता का सम्मान करना **नैतिक मुद्दे और नैतिक दुविधाः** **सामान्य नैतिक समस्याएं** • एक ऐसी स्थिति जिसमें सरकारी अधिकारी	• व्याख्यान एवं चर्चा • व्याख्यान एवं चर्चा • उदाहरणों के साथ सामूहिक चर्चा • फ्लिपिंग / स्व–निर्देशित अध्ययन • वार्तालाप • कथा निरूपण • अनुभव साझा करना • मामले पर आधारित नैदानिक चर्चा • अनुकरणीय • दिए गए परिदृश्य में कदम उठाते हुए नैतिक निर्णय पर सामूहिक अभ्यास	• लघु उत्तर • निबंध • प्रश्नोत्तरी • परावर्तक डायरी • मामले की रिपोर्ट • अभिवृत्ति परीक्षण • निहित कार्य का आंकलन

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		स्वास्थ्य देखभाल में नैतिक मुद्दे और दुविधाएं नैतिक निर्णय लेने की प्रक्रिया की समझ और नैतिक निर्णय लेने में नैतिकता और जैवनैतिकता के ज्ञान को लागू करना आईसीएन और आईएनसी द्वारा निर्धारित आचार संहिता की व्याख्या स्वास्थ्य देखभाल के बारे में निर्णय लेने से संबंधित रोगियों और परिवारों के अधिकारों पर चर्चा	का निर्णय उसकी व्यक्तिगत रूचि से प्रभावित हो • पैतृकता • धोखा • निजता और गोपनीयता • मान्य सहमति और इनकार • दुर्लभ नर्सिंग संसाधनों का आवंटन • नई तकनीकों से संबंधित टकराव • ध्यानाकर्षण • जीवन के मुद्दों की शुरुआत ○ गर्भपात ○ मादक द्रव्यों का सेवन ○ भ्रूण चिकित्सा ○ चयनात्मक कटौती ○ भ्रूण की स्थिति का अंतर्गर्भाशयी उपचार ○ अनिवार्य गर्भनिरोधक ○ भ्रूण की चोट ○ बांझपन का इलाज • मरणासन्न रोगी से संबंधित मुद्दे ○ मृत्यु ○ इच्छामृत्यु ○ पुनर्जीवित न करें (डीएनआर) • मनोरोग देखभाल से संबंधित मुद्दे ○ गैर–अनुपालन ○ संयम और एकांत ○ खाना लेने से मना करना **नैतिक निर्णय लेने की प्रक्रिया** • स्थिति का आंकलन करना (जानकारी एकत्रित करना) • नैतिक समस्या की पहचान • वैकल्पिक निर्णयों की पहचान • नैतिक निर्णय के लिए समाधान चुनना • निर्णय को लागू करना • निर्णय का मूल्यांकन करना **आचार समितिः भूमिकाएं और जिम्मेदारियां** • नैदानिक निर्णय लेना • अनुसंधान **आचार संहिता** • इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेज (आईसीएन) • भारतीय उपचर्या परिषद् **रोगी अधिकार विधेयक–17 रोगियों के अधिकार (स्वास्थ्य एव परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार)**	• निहित कार्य	

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		रोगी के अधिकारों की रक्षा करना और उनका सम्मान करना	1. आपातकालीन चिकित्सा देखभाल का अधिकार 2. मानकों के अनुसार सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण देखभाल का अधिकार 3. गरिमा को बनाए रखने का अधिकार 4. भेदभाव रहित रहने का अधिकार 5. निजता और गोपनीयता का अधिकार 6. सूचना का अधिकार 7. रिकॉर्ड और रिपोर्ट का अधिकार 8. सूचित सहमति का अधिकार 9. दूसरी राय का अधिकार 10. रोगी शिक्षा का अधिकार 11. यदि उपलब्ध हो तो वैकल्पिक उपचार चुनने का अधिकार 12. औषधि खरीदने या परीक्षण कराने के लिए स्रोत चुनने का अधिकार 13. उचित रेफ़रल और हस्तांतरण का अधिकार, जो विकृत व्यावसायिक प्रभावों से मुक्त हों 14. अस्पताल से रोगी की छुट्टी कराने या मृतक का शरीर प्राप्त करने का अधिकार 15. प्रत्येक प्रकार की सेवा के लिए अस्पताल द्वारा वसूले जाने वाली दरों पर सूचना का अधिकार और प्रमुख स्थान पर डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करने तथा ब्रोशर के रूप में उपलब्ध कराये जाने की सुविधा 16. नैदानिक परीक्षणों, जैवचिकित्सा और स्वास्थ्य अनुसंधान में शामिल रोगियों की सुरक्षा का अधिकार 17. सुने जाने और निवारण का अधिकार		

बाल स्वास्थ्य नर्सिंग I

स्थापनः सत्र–5

सैद्धांतिकः 3 क्रेडिट (60 घंटे)

व्यावहारिकः प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशालाः 1 क्रेडिट (40 घंटे) नैदानिकः 2 क्रेडिट (160 घंटे)

निरूपणः यह पाठ्यक्रम छात्रों को नवजात शिशुओं और बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की देखभाल, पहचान, रोकथाम और नर्सिंग प्रबंधन के लिए आधुनिक दृष्टिकोण की समझ विकसित करने के लिए तैयार किया गया है।

कार्यनिर्वाह क्षमताः इस पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. बाल स्वास्थ्य और बाल देखभाल के इतिहास और आधुनिक अवधारणाओं की समझ का विकास।
2. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के आलोक में राष्ट्रीय बाल कल्याण सेवाओं, राष्ट्रीय कार्यक्रमों और कानूनों का अन्वेषण।
3. बाल रोग निवारक की भूमिका की व्याख्या और दुर्घटनाओं के लिए निवारक उपाय करना।
4. राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रमों/सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रमों (यूआईपी) में भाग लेना।
5. बच्चों की विकासात्मक आवश्यकताओं की पहचान करना और माता–पिता का मार्गदर्शन प्रदान करना।
6. बाल स्वास्थ्य नर्सिंग के सिद्धांतों कीव्याख्या करना और बाल स्वास्थ्य नर्सिंग प्रक्रियाएं संपादित करना।
7. सामान्य और उच्च जोखिम वाले नवजात शिशु का मूल्यांकन, नियोजन और उसकी देखभाल के कार्यान्वयन में दक्षताओं का प्रदर्शन, जिसमें नवजात पुनरुत्थान भी सम्मिलित है।
8. नवजात और बचपन के रोगों के एकीकृत प्रबंधन (आईएमएनसीआई) के सिद्धांतों और रणनीतियों को लागू करना।
9. पैथोफिज़ियोलॉजी की समझ को लागू करना और श्वसन प्रणाली के विकारों से पीड़ित बच्चों को नर्सिंग देखभाल प्रदान करना।
10. बचपन की आपात स्थितियों की पहचान करना और उन्हें पूरा करना तथा बच्चे का सीपीआर करना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक, एल/एसएल – प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	10 (टी) 10 (एल)	बाल देखभाल की आधुनिक अवधारणा की व्याख्या	**परिचयः बाल देखभाल की आधुनिक अवधारणाएं** • बाल स्वास्थ्य का ऐतिहासिक विकास • बाल देखभाल का सिद्धांत और आधुनिक अवधारणा • बाल देखभाल के सांस्कृतिक और धार्मिक तर्क • बाल स्वास्थ्य एवं कल्याण के संबंध में राष्ट्रीय नीति तथा कानून	• व्याख्यान एवं चर्चा • सामान्य बाल चिकित्सा प्रक्रियाओं का प्रदर्शन	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • चैकलिस्ट के साथ कौशल आंकलन
		बाल स्वास्थ्य एवं कल्याण के संबंध में राष्ट्रीय नीति, कार्यक्रम तथा कानून की व्याख्या	• बच्चों की कल्याणकारी सेवाओं से संबंधित राष्ट्रीय कार्यक्रम और एजेंसियां • बच्चों के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत अधिकार • बाल स्वास्थ्य से संबंधित अस्पताल की देखभाल, निवारक, प्रचार और उपचारात्मक पहलुओं में परिवर्तन		
		निवारक बाल चिकित्सा की भूमिका की व्याख्या	• **निवारक बाल चिकित्साः** o संकल्पना o टीकाकरण o टीकाकरण कार्यक्रम और कोल्ड चेन o पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की देखभाल और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों का क्लीनिक/वेल–बेबी क्लीनिक की देखभाल o दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपाय		
		शिशुकाल, बचपन के प्रारंभिक और अतिकाल के दौरान मृत्यु के प्रमुख कारणों की सूची तैयार करना	• बाल रुग्णता और मृत्यु दर • एक वयस्क और बच्चे के बीच बीमारी की प्रतिक्रिया को प्रभावित करने वाले अंतर o शारीरिक o मनोवैज्ञानिक o सामाजिक o प्रतिरक्षात्मक		
		रोग और प्रतिक्रिया के मामले में एक वयस्क और बच्चे के बीच अंतर की व्याख्या	• बीमार बच्चे के लिए अस्पताल का माहौल • बच्चे और परिवार पर अस्पताल में भर्ती होने का प्रभाव		
		अस्पताल में भर्ती बच्चे की देखभाल करने में बाल चिकित्सा नर्स के प्रमुख कार्यों और भूमिका की व्याख्या	• बच्चों के लिए संवाद तकनीक • शोक और वियोग • अस्पताल में भर्ती बच्चे की देखभाल करने में बाल स्वास्थ्य नर्स की भूमिका • शिशुओं और बच्चों की शल्य चिकित्सा के पूर्व और पश्चात की देखभाल के सिद्धांत		
		बाल स्वास्थ्य नर्सिंग के सिद्धांतों की व्याख्या और बाल स्वास्थ्य नर्सिंग प्रक्रियाएं करना	**बाल स्वास्थ्य नर्सिंग प्रक्रियाएंः** • औषधि देनाः मौखिक, अंतःपेशीय (आई/एम) और अंतःशिराभ (आई/वी) • द्रवीय आवश्यकता की गणना • संयम बरतना • बच्चों में दर्द का आंकलन		

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			○ FACES दर्द मूल्यांकन पैमाना ○ FLACC पैमाना ○ संख्यात्मक पैमाना		
II	12 (टी)	अलग–अलग उम्र के बच्चों की सामान्य वृद्धि और विकास की व्याख्या अलग–अलग उम्र के बच्चों की जरूरतों की पहचान करना और माता–पिता को मार्गदर्शन प्रदान करना अलग–अलग उम्र के बच्चों की पोषण संबंधी जरूरतों की पहचान करना और जरूरतों को पूरा करने के तरीकों की पहचान करना सामान्य और बीमार बच्चों के लिए खेलने की भूमिका को पहचान करना	**स्वस्थ बच्चा** • बढ़ाव और विकास की परिभाषा और सिद्धांत • बढ़ाव और विकास को प्रभावित करने वाले कारक • जन्म से किशोरावस्था तक बढ़ाव और विकास • बढ़ाव और विकास के सिद्धांत (फ्रायड, एरिकसन, जीन पियागेट, कोहलबर्ग) • विकास के विभिन्न चरणों मे सामान्य बच्चों की आवश्यकताएं और अभिभावकीय मार्गदर्शन • बच्चों और शिशुओं की पोषण संबंधी आवश्यकताएं - स्तनपान - एकमात्र स्तनपान - पूरक/कृत्रिम भोजन और स्तन्य त्याग • बच्चे के अनुकूल अस्पताल की अवधारणा • खेलने के प्रकार एवं मूल्य और खेल सामग्री का चयन	• व्याख्यान एवं चर्चा • प्रदर्शन • शिशु और बच्चों का विकासात्मक अध्ययन • सामान्य और बीमार बच्चे का अवलोकन अध्ययन • आंगनवाड़ी, बाल मार्गदर्शन क्लिनिक के क्षेत्रीय दौरे • स्तनपान पर वीडियो • नैदानिक अभ्यास/क्षेत्र	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • क्षेत्रीय दौरे का आंकलन और विकासात्मक अध्ययन रिपोर्ट
III	15 (टी) 20 (एल)	सामान्य और उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं की देखभाल करना नवजात शिशु को पुनर्जीवित करना नवजात शिशु की सामान्य समस्याओं की पहचान और उनका प्रबंधन	**नवजात शिशु की देखभाल** • नवजात शिशु का आंकलन • नवजात शिशु की सामान्य/ मूलभूत नर्सिंग देखभाल • नवजात पुनर्जीवन • जन्म के समय कम वजन वाले बच्चे का नर्सिंग प्रबंधन • कंगारू मातृत्व देखभाल • सामान्य नवजात विकारों का नर्सिंग प्रबंधन - बिलीरूबिन - अल्पताप (हाइपोथर्मिया), अतिताप (हाइपरथर्मिया) - चयापचयी विकार - नवजात संक्रमण - नवजात दौरे - श्वसन संकटीय सिंड्रोम - अपरिपक्वता की दृष्टिपटलविकृति (रेटिनोपैथी ऑफ प्रिमेच्योरिटी • नवजात देखभाल इकाई की व्यवस्था • नवजात उपकरण	• मॉड्यूलर आधारित प्रशिक्षण: **ईएनबीसी और एफएनबीसी मॉड्यूल (मौखिक अभ्यास, वीडियो, स्व–मूल्यांकन अभ्यास)** • नवजात पुनर्जीवन पर कार्यशाला: एनआरपी मॉड्यूल • प्रदर्शन • अभ्यास सत्र • नैदानिक अभ्यास • व्याख्यान एवं चर्चा	• ओएससीई • लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
IV	10 (टी) 5 (एल)	आईएमएनसीआई के सिद्धांतों और रणनीतियों को लागू करना	**नवजात शिशु और बचपन की बीमारियों का एकीकृत प्रबंधन**	**मॉड्यूलर आधारित शिक्षण:** **आईएमएनसीआई मॉड्यूल**	• ओएससीई

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
				• नैदानिक अभ्यास/क्षेत्र	
V	8 (टी)	श्वसन एवं अंतःस्रावी तंत्र के विकारों से ग्रस्त बच्चों की एटियलजि, पैथोफिज़ियोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति और नर्सिंग प्रबंधन की व्याख्या	**बचपन की सामान्य बीमारियों में नर्सिंग प्रबंधन** **श्वसन प्रणालीः** • जन्मजात विकृतियों की पहचान और नर्सिंग प्रबंधन • जन्मजात विकारः ट्रेचो एसोफेगल नासूर, डायाफ्रेगमेटिक हर्निया • अन्यः एक्यूट नासो–ग्रसनीशोथ, तुंडिका शोथ (टॉन्सिलिटिस), कण्ठ रोग (क्रुप), श्वसन शोथ (ब्रोंकाइटिस), श्वासनलिका शोथ (ब्रोंकियोलाइटिस), निमोनिया, अस्थमा **अंतःस्रावी तंत्रः** • किशोरावस्था में मधुमेह, अवटु अल्पक्रियता (हाइपो–थायरायडिज्म)	• व्याख्यान एवं चर्चा • प्रदर्शन • अभ्यास सत्र • नैदानिक अभ्यास	• लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ • चैकलिस्ट के साथ कौशल आंकलन
VI	5 (टी) 5 (एल)	बचपन की आपात स्थितियों से मुकाबला करने में सक्षम होने और बच्चे की सीपीआर करने की क्षमता विकसित करना	**बचपन की आपात स्थितियां** • दुर्घटनाएं – कारण और रोकथाम, जहर, विजातीय पदार्थ, रक्तस्राव, जलना और डूबना • PLS (AHA दिशानिर्देश)	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • PLS माड्यूल/कार्यशाला	• ओएससीई

बाल स्वास्थ्य नर्सिंग I व II नैदानिक (3 क्रेडिट – 240 घंटे)

स्थापनः सत्र–5 एवं 6

व्यावहारिकः कौशल प्रयोगशालाः 1 क्रेडिट (40 घंटे)

नैदानिकः सत्र–5 – 2 क्रेडिट (160 घंटे)
सत्र–6 – 1 क्रेडिट (80 घंटे)

कार्यनिर्वाह क्षमताः इस पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. बच्चों का स्वास्थ्य, विकास और मानवदेहमिति संबंधी आंकलन करना।
2. विभिन्न चिकित्सीय विकारों से ग्रस्त बच्चों को नर्सिंग देखभाल प्रदान करना।
3. सामान्य बाल चिकित्सीय शल्य चिकित्सीय स्थितियों/विकृतियों से ग्रस्त बच्चों को शल्य चिकित्सा के पूर्व और पश्चात की देखभाल प्रदान करना।
4. एनआईएस के अनुसार टीकाकरण करना।
5. जटिल रोगों से ग्रस्त बच्चों को नर्सिंग देखभाल प्रदान करना।
6. माता–पिता को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी शिक्षा प्रदान करना।
7. चिन्हित परामर्श आवश्यकताओं के अनुसार माता–पिता को परामर्श देना।

कौशल प्रयोगशाला

पुतलों (मेनिकिंस) और नमूनों (सिमुलेटर्स) का उपयोग

PLS, CPAP, अंतःश्वासनलीय चूषण (एंडोट्रैचियल सक्शन)

बाल चिकित्सा नर्सिंग प्रक्रियाएंः

- औषधि देनाः मौखिक, अंतःपेशीय (आई/एम) और अंतःशिराभ (आई/वी)
- ऑक्सीजन देना
- संयम बरतना
- नमूना संग्रहण
- मूत्र कैथीटेराइजेशन और निकासी

- अस्थि देखभाल
- भोजन खिलाना – नासोगैस्ट्रिक, जठरछिद्रीकरण (गैस्ट्रोस्टोमी), जेजुनोस्टॉमी
- घाव की मरहम पट्टी
- टांके निकालना

नैदानिक पदस्थापन

8 सप्ताह × 30 घंटे प्रति सप्ताह (5 सप्ताह + 3 सप्ताह)

नैदानिक क्षेत्र / इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता / नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
बाल चिकित्सा वार्ड	**सत्र 5 – 2 सप्ताह** **सत्र 6 – 1 सप्ताह**	• विभिन्न चिकित्सीय विकारों से ग्रस्त बच्चों को नर्सिंग देखभाल प्रदान करना	• बाल चिकित्सीय वृत्त लेखन • बच्चों का भौतिक परीक्षण और आंकलन • मौखिक, अंतःपेशीय (आई / एम), और अंतःशिराभ (आई / वी) औषधि / द्रव प्रशासन • द्रव प्रतिस्थापन की गणना • विभिन्न सामर्थ्या वाले अंतःशिराभ (आई / वी) द्रव तैयार करना • संयम बरतना • विभिन्न तरीकों से आक्सीजन देना • शिशु स्नान / स्पंज स्नान • बच्चों को कटोरी चम्मच, पलड़े से खिलाना • आम जांच के लिए नमूनों का संग्रहण • सामान्य नैदानिक प्रक्रियाओं में सहायता करना • माता–पिता को शिक्षा प्रदान करना ○ कुपोषण ○ मौखिक पुनर्जलीकरण चिकित्सा (ओरल रिहाइड्रेशन थेरेपी) ○ दूध पिलाना और स्तन्य त्याग ○ टीकाकरण अनुसूची • खेल चिकित्सा	• नर्सिंग देखभाल योजना – 1 • मामले के अध्ययन की प्रस्तुति – 1 • स्वास्थ्य वार्तालाप – 1	• मूल्यांकन पैमाने पर प्रदर्शन का आंकलन • चेकलिस्ट के साथ प्रत्येक कौशल का आंकलन करना ओएससीई / ओएसपीई • मामले के अध्ययन / प्रस्तुति और स्वास्थ्य शिक्षा सत्र का मूल्यांकन • गतिविधि रिकॉर्ड को पूरा करना
बाल शल्य चिकित्सा वार्ड	**सत्र 5 – 2 सप्ताह** **सत्र 6 – 1 सप्ताह**	• बच्चों की विभिन्न शल्य चिकित्सीय स्थितियों / विकृतियों को पहचानना • सामान्य बाल चिकित्सीय शल्य चिकित्सीय स्थितियों / विकृतियों से ग्रस्त बच्चों को शल्य चिकित्सा के पूर्व और पश्चात की देखभाल प्रदान करना • माता–पिता को परामर्श देना और शिक्षा प्रदान करना	• अंतःशिराभ (आई / वी) द्रव की गणना, तैयारी और प्रशासन • आंतों का धोना, वर्त्तिका सम्मिलन • अस्थि देखभाल ○ बृहदांत्रछिद्रीकरण (कॉलोस्टॉमी) सिंचन ○ मूत्रवाहिनी छिद्रीकरण (यूरेटेरोस्टॉमी) ○ जठरछिद्रीकरण (गैस्ट्रोस्टॉमी) ○ आंत्रछेदन (एंट्रोस्टॉमी) • मूत्र कैथीटेराइजेशन और निकासी • भोजन खिलाना ○ नासोगैस्ट्रिक ○ जठरछिद्रीकरण (गैस्ट्रोस्टोमी) ○ जेजुनोस्टॉमी • शल्य चिकित्सीय घावों की देखभाल ○ मरहम पट्टी करना	• नर्सिंग देखभाल योजना – 1 • मामले का अध्ययन / प्रस्तुति – 1	• मूल्यांकन पैमाने पर प्रदर्शन का आंकलन • चेकलिस्ट के साथ प्रत्येक कौशल का आंकलन करना ओएससीई / ओएसपीई • मामले के अध्ययन / प्रस्तुति और स्वास्थ्य शिक्षा सत्र का मूल्यांकन • गतिविधि रिकॉर्ड को

नैदानिक क्षेत्र / इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	प्रक्रियात्मक दक्षता / नैदानिक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
			○ टांके निकालना		पूरा करना
बाल बाह्य रोगी विभाग / टीकाकरण कक्ष	**सत्र 5 – 1 सप्ताह**	• बच्चों का स्वास्थ्य, विकास और मानवदेहमिति संबंधी आंकलन करना • टीकाकरण करना • स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी शिक्षा प्रदान करना	• बच्चों का आंकलन ○ स्वास्थ्य आंकलन ○ विकासात्मक आंकलन ○ मानवदेहमिति संबंधी आंकलन ○ पोषण संबंधी आकलन • टीकाकरण • स्वास्थ्य / पोषण शिक्षा	• बढ़ाव और विकासात्मक अध्ययनः - शिशु – 1 - बच्चा – 1 - स्कूल जाने से पहले वाला बच्चा – 1 - स्कूल जाने वाला बच्चा – 1 - किशोर – 1	• मूल्यांकन पैमाने पर प्रदर्शन का आंकलन • गतिविधि रिकॉर्ड को पूरा करना
एनआईसीयू एवं पीआईसीयू	**सत्र 6 – 1 सप्ताह**	• जटिल रोगों से ग्रस्त बच्चों को नर्सिंग देखभाल प्रदान	• बच्चे की इनक्यूबेटर / वार्मर में देखभाल • बच्चे की वेंटिलेटर पर देखभाल, सीपीएपी • अंतःश्वासनलीय चूषण (एंडोट्रैचियल सक्शन) • सीने की फिजियोथेरेपी • जलसेक पंप द्वारा द्रव प्रशासन • कुल अभिभावकीय पोषण • प्रकाश चिकित्सा • शिशु निगरानी • रिकॉर्डिंग एवं रिपोर्टिंग • हृदय फुफ्फुसीय चिकित्सा / कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (पीएलएस)	• नवजात आंकलन – 1 • नर्सिंग देखभाल योजना – 1	• मूल्यांकन पैमाने पर प्रदर्शन का आंकलन • अवलोकन रिपोर्ट का मूल्यांकन • गतिविधि रिकॉर्ड को पूरा करना

मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग I

स्थापनः सत्र–5

सैद्धांतिक – 3 क्रेडिट (60 घंटे)

व्यावहारिकः नैदानिक – 1 क्रेडिट (80 घंटे)

निरूपणः यह पाठ्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग सिद्धांतों और मानकों की बुनियादी समझ विकसित करने तथा मानसिक स्वास्थ्य विकारों से पीड़ित रोगियों के आंकलन एवं देखभाल में नर्सिंग प्रक्रिया के आवेदन में कौशल विकास के लिए तैयार किया गया है।

कार्यनिर्वाह क्षमताः इस पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग के ऐतिहासिक विकास का पता लगाना और इसके दायरे पर चर्चा।
2. मानसिक विकारों के वर्गीकरण की पहचान।
3. मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग के सिद्धांतों और अवधारणाओं की बुनियादी समझ का विकास।
4. पर्यवेक्षित नैदानिक स्थापनाओं में मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग के लिए भारतीय उपचर्या परिषद् अभ्यास मानकों का अनुप्रयोग।
5. मानसिक स्वास्थ्य मूल्यांकन का संचालन करना।
6. उपचारात्मक संवाद और नर्स रोगी संबंध की पहचान और बनाए रखना।
7. मानसिक विकारों में प्रयुक्त विभिन्न उपचार के तौर–तरीकों और उपचारों के ज्ञान का प्रदर्शन करना।
8. मानसिक विकारों से पीड़ित रोगियों की देखभाल करने में नर्सिंग प्रक्रिया का अनुप्रयोग।
9. जांच–परिणामों और उपचार / चिकित्सा पद्धति के आधार पर पागलपन (सिज़ोफ्रेनिया) और अन्य मानसिक विकारों से पीड़ित रोगियों को नर्सिंग देखभाल प्रदान करना।
10. जांच–परिणामों और उपचार / चिकित्सा पद्धति के आधार पर मनोवस्था संबंधी विकारों से पीड़ित रोगियों को नर्सिंग देखभाल प्रदान करना।
11. जांच–परिणामों और उपचार / चिकित्सा पद्धति के आधार पर तंत्रिकातापीय (न्यूरोटिक) विकारों से पीड़ित रोगियों को नर्सिंग देखभाल प्रदान करना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	6 (टी)	मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग में ऐतिहासिक विकास और वर्तमान रुझानों की व्याख्या मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग के दायरे पर परिचर्चा सामान्य और असामान्य व्यवहार की अवधारणा की व्याख्या	**परिचय** • मानसिक स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग के दृष्टिकोण, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं, उपचार और नर्सिंग प्रथाओं का विकास • मानसिक स्वास्थ्य दल • मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग की प्रकृति और व्यापकता • विभिन्न स्थापनाओं में मानसिक स्वास्थ्य नर्स की भूमिका और कार्य तथा नर्सिंग अभ्यास के स्तर को प्रभावित करने वाले कारक • सामान्य और असामान्य व्यवहार की अवधारणा	• व्याख्यान एवं चर्चा	• निबंध • लघु उत्तर
II	10 (टी)	मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग में प्रयुक्त विभिन्न शब्दों की परिभाषा मानसिक विकारों के वर्गीकरण की व्याख्या कुत्सित व्यवहार की मनोगतिशीलता की व्याख्या मानसिक विकारों के एटियोलॉजिकल कारकों और मानसरोगनिदान पर परिचर्चा मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग के सिद्धांतों और मानकों की व्याख्या मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग के वैचारिक मॉडल की व्याख्या	**मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग के सिद्धांत और अवधारणा** • परिभाषाः मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग और उपयुक्त शब्दावली • मानसिक विकारों का वर्गीकरणः आईसीडी 11, डीएसएम 5, बुजुर्गों के मनोरोगों का नियमानुसार वर्गीकरण • व्यक्तित्व विकास की समीक्षा, सुरक्षा तंत्र • जैव–मनोवैज्ञानिक–सामाजिक कारकों की एटियोलॉजी • मानसिक विकारों की मनोगतिशीलताः मस्तिष्क की संरचना और कार्य की समीक्षा, उपवल्कुटीय तंत्र (लिम्बिक सिस्टम) और असामान्य स्नायविक संचरण (न्यूरोट्रांसमिशन) • मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग के सिद्धांत • नैतिकता और उत्तरदायित्व • मनोरोग स्वास्थ्य नर्सिंग के अभ्यास मानक (भारतीय उपचर्या परिषद् अभ्यास मानक) • अवधारणात्मक मॉडल और नर्स की भूमिकाः o अस्तित्व संबंधी मॉडल o मनोविश्लेषणात्मक मॉडल o व्यावहारिक मॉडल o पारस्परिक मॉडल • निवारक मनोरोग और पुनर्वास	• व्याख्यान एवं चर्चा • चार्ट का उपयोग कर व्याख्या • व्यक्तित्व विकास की समीक्षा	• निबंध • लघु उत्तर
III	6 (टी)	मानसिक स्वास्थ्य स्थिति के आंकलन की प्रकृति, उद्देश्य और प्रक्रिया की व्याख्या	**मानसिक स्वास्थ्य आंकलन** • वृत्त लेखन • मानसिक स्थिति का परीक्षण • मानसिक स्थिति का सूक्ष्म परीक्षण • स्नायविक परीक्षण • जांचः संबंधित रक्त रसायन (आरबीसी), ईईजी, सीटी और एमआरआई • मनोवैज्ञानिक परीक्षण	• व्याख्यान एवं चर्चा • प्रस्तुति • अभ्यास सत्र • नैदानिक अभ्यास	• निबंध • लघु उत्तर • मानसिक स्वास्थ्य स्थिति का आंकलन
IV	6 (टी)	चिकित्सीय संवाद और	**चिकित्सीय संवाद और नर्स–रोगी संबंध**	• व्याख्यान एवं चर्चा	• निबंध

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		तकनीकों की पहचान चिकित्सीय संबंध की व्याख्या चिकित्सीय दोष और उनके हस्तक्षेप की व्याख्या	• चिकित्सीय संवादः प्रकार, तकनीक, विशेषता और अवरोध • चिकित्सीय नर्स–रोगी संबंध • पारस्परिक संबंध • नर्स रोगी संकुचन के आधार • आईपीआर तकनीक की समीक्षा – जोहरी खिड़की • चिकित्सीय गतिरोध और इसका प्रबंधन	• प्रस्तुति • भूमिका (रोल प्ले) • प्रक्रिया रिकार्डिंग • सिमुलेशन (वीडियो)	• लघु उत्तर • ओएससीई
V	10 (टी)	मानसिक विकारों में इस्तेमाल उपचार के तौर–तरीकों और उपचारों की व्याख्या और नर्स की भूमिका	**उपचार के तौर–तरीके और मानसिक विकारों में उपयुक्त चिकित्सा पद्धति** • **शारीरिक उपचारः** साइकोफार्माकोलॉजी, विद्युतआक्षेपी चिकित्सा • **मनोवैज्ञानिक चिकित्साः** मनोचिकित्सा, व्यवहार चिकित्सा, सीबीटी • **मनोसामाजिक चिकित्साः** सामूहिक चिकित्सा, पारिवारिक चिकित्सा, चिकित्सीय समुदाय, मनोरंजन चिकित्सा, कला चिकित्सा (नृत्य, संगीत आदि), व्यावसायिक चिकित्सा • **वैकल्पिक और पूरक चिकित्साः** योग, ध्यान, स्थिलीकरण • **विशिष्ट लोगों के लिए विमर्श**	• व्याख्यान एवं चर्चा • प्रस्तुति • सामूहिक कार्य • अभ्यास सत्र • नैदानिक अभ्यास	• निबंध • लघु उत्तर • वस्तुनिष्ठ
VI	8 (टी)	पागलपन (सिज़ोफ्रेनिया) और अन्य मानसिक विकारों से पीड़ित रोगियों की एटिओलॉजी, मनोगतिशीलता/पैथोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक मानदंड और प्रबंधन की व्याख्या	**पागलपन (स्कज़ोफ्रेनिया) और अन्य मानसिक विकारों से पीड़ित रोगी का नर्सिंग प्रबंधन** • व्यापकता और विस्तार • वर्गीकरण • एटियोलॉजी, साइकोडायनामिक्स, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक मानदंड/सूत्रीकरण **नर्सिंग प्रक्रिया** • नर्सिंग मूल्यांकनः वृत्त लेखन, शारीरिक और मानसिक आंकलन • पागलपन (सिज़ोफ्रेनिया) और अन्य मानसिक विकारों से पीड़ित रोगियों के उपचार के तौर–तरीके और नर्सिंग प्रबंधन • जराचिकित्सीय मीमांसा और विशिष्ट लोगों के लिए मनन • अनुवर्ती चिकित्सा और घरेलू देखभाल तथा पुनर्वास	• व्याख्यान एवं चर्चा • मामले पर परिचर्चा • मामले की प्रस्तुति • नैदानिक अभ्यास	• निबंध • लघु उत्तर • रोगी की समस्याओं के प्रबंधन का आंकलन
VII	6 (टी)	मनोवस्था संबंधी विकारों से पीड़ित रोगियों की एटिओलॉजी, मनोगतिशीलता/पैथोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक मानदंड और प्रबंधन की व्याख्या	**मनोवस्था संबंधी विकारों से पीड़ित रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** • व्यापकता और विस्तार • मनोवस्था संबंधी विकारः द्विध्रुवी भावात्मक विकार, उन्माद, अवसाद और मनस्ताप आदि • एटियलजि, साइकोडायनामिक्स, नैदानिक अभिव्यक्ति, निदान • नर्सिंग आंकलनः वृत्त लेखन, शारीरिक और मानसिक आंकलन • मनोवस्था संबंधी विकारों से पीड़ित रोगियों के उपचार के तौर–तरीके और नर्सिंग प्रबंधन • जराचिकित्सीय मीमांसा और विशिष्ट लोगों के लिए	• व्याख्यान एवं चर्चा • मामले पर परिचर्चा • मामले की प्रस्तुति • नैदानिक अभ्यास	• निबंध • लघु उत्तर • रोगी की समस्याओं के प्रबंधन का आंकलन

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			मनन • अनुवर्ती चिकित्सा और घरेलू देखभाल तथा पुनर्वास		
VIII	8 (टी)	मनोविक्षिप्तता एवं तनाव से संबंधित तथा दैहिक विकारों से पीड़ित रोगियों की एटिओलॉजी, मनोगतिशीलता/पैथोलॉजी, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक मानदंड और प्रबंधन की व्याख्या	**मनोविक्षिप्तता एवं तनाव से संबंधित तथा दैहिक विकारों से पीड़ित रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन** • व्यापकता और विस्तार • वर्गीकरण • उत्कंठीय विकार, ओसीडी, पीटीएसडी, सोमाटोफॉर्म विकार, आशंका (फोबिया), विघटनशील और संपरिवर्तनीय विकार • एटियोलॉजी, साइकोडायनामिक्स, नैदानिक अभिव्यक्ति, नैदानिक मानदंड/सूत्रीकरण • नर्सिंग मूल्यांकनः वृत्त लेखन, शारीरिक और मानसिक आंकलन • मनोविक्षिप्तता और तनाव संबंधी विकारों से पीड़ित रोगियों के उपचार के तौर–तरीके और नर्सिंग प्रबंधन • जराचिकित्सीय मीमांसा और विशिष्ट लोगों के लिए मनन • अनुवर्ती चिकित्सा और घरेलू देखभाल तथा पुनर्वास	• व्याख्यान एवं चर्चा • मामले पर परिचर्चा • मामले की प्रस्तुति • नैदानिक अभ्यास	• निबंध • लघु उत्तर • रोगी की समस्याओं के प्रबंधन का आंकलन

नैदानिक व्यावहारिक

मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग I व II

स्थापनः सत्र–5 एवं 6

मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग I – 1 क्रेडिट (80 घंटे)

मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग II – 2 क्रेडिट (160 घंटे)

कार्यनिर्वाह क्षमताः इस पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं/विकारों से पीड़ित रोगियों का आंकलन करना
2. विभिन्न उपचार तौर–तरीकों या उपचार पद्धतियों का अवलोकन करना और सहायता करना
3. रोगियों और परिवारीजनों को परामर्श देना और प्रशिक्षित करना
4. व्यक्तिगत और सामूहिक मनोविज्ञान शिक्षा का प्रदर्शन करना
5. मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं/विकारों से पीड़ित रोगियों को नर्सिंग देखभाल प्रदान करना
6. शुरुआती उपचार और अनुवर्ती उपचार के लिए समुदाय में रोगियों को प्रेरित करना
7. नशा मुक्ति केंद्र में मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित विकारों से पीड़ित रोगियों का अवलोकन व आंकलन और देखभाल करना।

नैदानिक पदस्थापन

(8 सप्ताह × 30 घंटे प्रति सप्ताह = 240 घंटे)

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	दक्षता/प्रक्रियात्मक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
मनोरोग बाह्य रोगी विभाग	2	• मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित रोगियों का आंकलन करना • उपचार पद्धतियों का अवलोकन और सहायता करना	• वृत्त लेखन • मानसिक स्थिति का परीक्षण (एमएसई) • मनोमितीय आंकलन का अवलोकन/अभ्यास • स्नायविक परीक्षण करना	• वृत्त लेखन एवं मानसिक स्थिति की जांच – 2 • स्वास्थ्य परीक्षण – 1 • बाह्य रोगी विभाग की रिपोर्ट का	• मूल्यांकन पैमाने पर प्रदर्शन का आंकलन • चेकलिस्ट के साथ प्रत्येक कौशल का आंकलन • स्वास्थ्य शिक्षा सत्र का मूल्यांकन

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	दक्षता/प्रक्रियात्मक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
		• रोगियों और परिवारीजनों को परामर्श देना और प्रशिक्षित करना	• उपचार का अवलोकन करना और सहायता करना • वैयक्तिक और सामूहिक मनो–प्रशिक्षणा ▪ मानसिक स्वच्छता अभ्यास शिक्षा ▪ पारिवारिक मनो–प्रशिक्षण	अवलोकन	• अवलोकन रिपोर्ट का मूल्यांकन • गतिविधि रिकॉर्ड को पूरा करना
बाल मार्गदर्शन क्लिनिक	1	• विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित बच्चों का आंकलन करना • बच्चों, परिवारीजनों और अन्य लोगों को परामर्श देना और प्रशिक्षित करना	• वृत्त लेखन और मानसिक स्थिति परीक्षण • मनोमितीय आंकलन का अवलोकन/अभ्यास • विभिन्न उपचार पद्धतियों का अवलोकन और सहायता करना • मानसिक कमी वाले बच्चे के लिए माता–पिता का प्रशिक्षण	• मामले पर किया गया कार्य – 1 • विभिन्न चिकित्सीय पद्धतियों की अवलोकन रिपोर्ट – 1	• मूल्यांकन पैमाने पर प्रदर्शन का आंकलन • चेकलिस्ट के साथ प्रत्येक कौशल का आंकलन • गतिविधि रिकॉर्ड को पूरा करना
आंतरिक रोगी वार्ड	4	• मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित रोगियों का आंकलन करना • विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित रोगियों को नर्सिंग देखभाल प्रदान करना • विभिन्न उपचार पद्धतियों में सहायता करना • रोगियों, परिवारीजनों और अन्य लोगों को परामर्श देना और प्रशिक्षित करना	• वृत्त लेखन • मानसिक स्थिति का परीक्षण (एमएसई) • मनोमितीय परीक्षण • मनोमितीय आंकलन में सहायता करना • उपचारात्मक संवाद की रिकॉर्डिंग • औषधि देना • विद्युत आक्षेपी चिकित्सा (ईसीटी) में सहायता करना • सभी उपचार पद्धतियों में भाग लेना • दैनिक जीवन गतिविधियों (एडीएल) के लिए रोगियों को तैयार करना • प्रवेश और छुट्टी के लिए परामर्श देना • रोगियों और परिवारीजनों को परामर्श देना और प्रशिक्षित करना	• विभिन्न मनोरोगों से पीड़ित 2–3 रोगियों को देखभाल प्रदान करना • मामले की अध्ययन – 1 • देखभाल योजना • नैदानिक प्रस्तुति – 1 • प्रक्रिया रिकार्डिंग – 2 • औषधि पुस्तक बनाए रखना	• मूल्यांकन पैमाने पर प्रदर्शन का आंकलन • चेकलिस्ट के साथ प्रत्येक कौशल का आंकलन • मामले के अध्ययन, देखभाल योजना, नैदानिक प्रस्तुति, प्रक्रिया रिकार्ड का मूल्यांकन • गतिविधि रिकॉर्ड को पूरा करना
सामुदायिक मनश्चिकित्सा एवं नशा मुक्ति केंद्र	1	• विभिन्न मानसिक विकारों से पीड़ित रोगियों की पहचान करना • रोगियों को शीघ्र उपचार एवं अनुवर्ती उपचार के लिए प्रेरित करना • अनुवर्ती क्लिनिक में सहायता करना • रोगी, परिवार और समुदाय को परामर्श देना और प्रशिक्षित	• घर पर जाना और मामले से संबंधित कार्य का संचालन करना • मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करना • मानसिक स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में सहायता करना • मानसिक स्वास्थ्य और मनोरोग से संबंधित जागरूकता बैठक आयोजित करना • परिवारीजनों, रोगियों और	• मामले पर किया गया कार्य – 1 • क्षेत्रीय दौरों पर अवलोकन रिपोर्ट • नशा मुक्ति केंद्र का दौरा	• मूल्यांकन पैमाने पर प्रदर्शन का आंकलन • मामले पर किए गए कार्य और अवलोकन रिपोर्ट का मूल्यांकन • गतिविधि रिकॉर्ड को पूरा करना

नैदानिक क्षेत्र/इकाई	अवधि (सप्ताह)	अध्ययन के परिणाम	दक्षता/प्रक्रियात्मक कौशल	नैदानिक आवश्यकताएं	मूल्यांकन विधियां
		करना • नशा मुक्ति केंद्र में रोगियों का अवलोकन एवं आंकलन करना और देखभाल करना	समुदाय को परामर्श देना एवं प्रशिक्षित करना • नशा मुक्ति देखभाल का अवलोकन करना		

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग I
पर्यावरण विज्ञान एवं जानपदिक विज्ञान सहित

स्थापनः सत्र–5

सैद्धांतिक – 5 क्रेडिट (100 घंटे) इसमें प्रयोगशाला घंटें भी शामिल हैं

व्यावहारिक – नैदानिक – 2 क्रेडिट (160 घंटे)

निरूपणः यह पाठ्यक्रम भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग और स्वास्थ्य देखभाल वितरण सेवाओं, स्वास्थ्य देखभाल नीतियों और विनियमों की समझ के बारे में छात्रों को स्वास्थ्य के व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है। यह छात्रों को पर्यावरण विज्ञान का ज्ञान और इसके बारे में समझ विकसित करने में मदद करता है। यह आगे छात्रों को स्वास्थ्य और रोग की निरंतरता में समुदाय में स्वास्थ्य संवर्धन और स्वास्थ्य के रखरखाव के लिए बीसीसी और स्वास्थ्य शिक्षा के सिद्धांतों और अवधारणाओं को लागू करने में मदद करता है। यह सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग और जानपदिक विज्ञान दृष्टिकोण के सिद्धांतों को लागू करके ग्रामीण, शहरी और जनजातीय स्थापनाओं में वैयक्तिक, पारिवारिक और सामूहिक तौर पर सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग का अभ्यास करने में छात्रों की मदद करता है। यह छात्रों को विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल स्थापनाओं में ग्राहकों की उचित जांच, आंकलन, निदान, प्रबंधन और संदर्भ के लिए आवश्यक ज्ञान और दक्षताओं को विकसित करने में मदद करता है। यह छात्रों को सामुदायिक, डीएच, पीएचसी, सीएचसी, एससी/एचडब्ल्यूसी स्तर पर सभी उम्र के ग्राहकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में भाग लेने में शुरुआती कौशल विकसित करने के लिए तैयार करता है।

कार्यनिर्वाह क्षमताः इस पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, छात्र निम्नलिखित कार्यों का संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य के विकास और सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग का अन्वेषण
2. स्वास्थ्य की अवधारणाओं और निर्धारकों की व्याख्या
3. भारत में स्वास्थ्य समस्याओं और रोकथाम के स्तर की पहचान
4. विभिन्न स्तरों पर स्वास्थ्य देखभाल योजना और भारत में वर्तमान स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रणाली के बारे में बुनियादी समझ का विकास
5. वर्तमान स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रणाली पर केंद्रित प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व का पता लगाना
6. भारत में स्वास्थ्य देखभाल नीतियों और विनियमों पर चर्चा
7. पर्यावरण विज्ञान, पर्यावरणीय स्वास्थ्य और स्वच्छता के अवलोकन के बारे में समझ का प्रदर्शन
8. समुदाय के विभिन्न आयु वर्गों के लिए पोषण मूल्यांकन में कौशल का प्रदर्शन और उचित पोषण परामर्श प्रदान करना
9. सामुदायिक स्थापनाओं के लिए उपयुक्त व्यावहारिक सिद्धांतों और तकनीकों को लागू करते हुए वैयक्तिक और पारिवारिक स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना
10. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग दृष्टिकोण और अवधारणाओं की व्याख्या
11. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग कर्मियों की भूमिका और कर्तव्यों की व्याख्या
12. विभिन्न स्थापनाओं में जीवन काल में व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने में ज्ञान और कौशल का उपयोग
13. घर पर आने के लिए उपयोग किए जाने वाले सिद्धांतों और विधियों को लागू करने के लिए घर के प्रभावी दौरे करना
14. सामुदायिक निदान में जानपदिक विज्ञान दृष्टिकोण का उपयोग
15. संचारी और गैर–संचारी रोगों से पीड़ित रोगियों की देखभाल में जानपदिक विज्ञान की समझ और जानपदिक विज्ञान के दृष्टिकोण का उपयोग
16. संचारी रोगों की जानपदिक जांच
17. प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल स्तर पर विभिन्न संचारी और गैर–संचारी रोगों से पीड़ित रोगियों का आंकलन, निदान, प्रबंधन और संदर्भित करना
18. संचारी और गैर–संचारी रोगों (विशेष रूप से जांच, अभिनिर्धारण, प्राथमिक प्रबंधन और स्वास्थ्य सुविधा/प्रथम रेफरल इकाई (एफआरयू) के संदर्भ में) के नियंत्रण और प्रबंधन के लिए समुदाय में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को लागू करने में नर्सों की भूमिकाओं और कर्तव्यों की पहचान और प्रदर्शन करना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

टी – सैद्धांतिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
I	4 (टी)	सार्वजनिक स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य और सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग की व्याख्या भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य के विकास और सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग की व्यापकता की व्याख्या स्वास्थ्य और रोग, स्वास्थ्य के आयाम और निर्धारकों की विभिन्न अवधारणाओं की व्याख्या रोग की प्रकृति विज्ञान और रोकथाम के स्तर की व्याख्या भारत की स्वास्थ्य समस्याओं पर परिचर्चा	**सामुदायिक स्वास्थ्य और सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग की अवधारणा** • सार्वजनिक स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य और सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग की परिभाषा • भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य, इसके विकास और सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग की व्यापकता • समीक्षाः स्वास्थ्य और बीमारी/रोग की अवधारणाः परिभाषा, आयाम और स्वास्थ्य एवं रोग के निर्धारक • रोग का प्राकृतिक इतिहास • रोकथाम के स्तरः प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक रोकथाम – समीक्षा • भारत की स्वास्थ्य समस्याएं (प्रोफाइल)	• व्याख्यान • चर्चा • चार्ट, ग्राफ़ का उपयोग करके समझाएं • सामुदायिक आवश्यकताओं का आंकलन (ग्रामीण और एक शहरी समुदाय की जनसांख्यिकीय विशेषताओं, स्वास्थ्य निर्धारकों और संसाधनों की पहचान पर क्षेत्र सर्वेक्षण) • उदाहरणों का उपयोग करके समझाएं	• लघु उत्तर • निबंध • वस्तुनिष्ठ • सर्वेक्षण रिपोर्ट
II	8 (टी)	स्वास्थ्य योजना एवं उसके चरण, और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और समितियों की व्याख्या भारत में विभिन्न स्तरों पर स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रणाली पर परिचर्चा सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीसीएच) की व्याख्या भारत में स्वास्थ्य देखभाल नीतियों और विनियमों की व्याख्या	**स्वास्थ्य देखभाल योजना और स्वास्थ्य देखभाल की विभिन्न स्तरों पर व्यवस्था** • स्वास्थ्य योजना के चरण • भारत में स्वास्थ्य योजनाः स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पर विभिन्न समितियां तथा आयोग और पंचवर्षीय योजनाएं • स्वास्थ्य योजना में समुदाय और अन्य हितधारकों की भागीदारी • भारत में स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रणालीः अवसंरचना और स्वास्थ्य क्षेत्र, उप–केंद्र (एससी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), जिला स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं का वितरण • सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी): तत्व, सिद्धांत • उप–केंद्र/स्वास्थ्य कल्याण केंद्र (एचडब्ल्यूसी) के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल • एमएलएचपी/सीएचपी की भूमिका • राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल नीतियां और विनियम ○ राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (1983, 2002, 2017) ○ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम): राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम), राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम), एनएचएम ○ राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन (एनएचपीएम)	• व्याख्यान • चर्चा • सीएचसी, पीएचसी, एससी/स्वास्थ्य कल्याण केंद्र (एचडब्ल्यूसी) के क्षेत्रीय दौरे • निर्देशित पठन	• लघु उत्तर • निबंध • क्षेत्रीय दौरे की रिपोर्ट का मूल्यांकन और प्रस्तुति

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			○ आयुष्मान भारत ○ सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज		
III	15 (टी)	प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में वैयक्तिक भूमिका की पहचान पारिस्थितिकी तंत्र, इसकी संरचना, प्रकार और कार्यों की व्याख्या जैव विविधता के वर्गीकरण, मूल्य और खतरों की व्याख्या पर्यावरणीय प्रदूषण के कारणों, प्रभावों और नियंत्रण उपायों की गणना जलवायु परिवर्तन, भूमण्डलीय तापमानवृद्धि (ग्लोबल वार्मिंग), अम्लीय वर्षा (एसिड रेन) और ओजोन परत की कमी के बारे में परिचर्चा पर्यावरण से संबंधित सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता पैदा करने में वैयक्तिक भूमिका की गणना पर्यावरणीय सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित अधिनियमों का सूचीबद्ध करना पर्यावरणीय स्वास्थ्य एवं	**पर्यावरणीय विज्ञान, पर्यावरणीय स्वास्थ्य और स्वच्छता** • **प्राकृतिक संसाधनः** नवीकरणीय तथा अनवीकरणीय संसाधन, प्राकृतिक संसाधन और संबंधित समस्याएं: वन संसाधन, जल संसाधन, खनिज संसाधन, खाद्य संसाधन, ऊर्जा संसाधन और भूमि संसाधन • प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में वैयक्तिक भूमिका और स्थायी जीवन शैली के लिए संसाधनों का न्यायसंगत उपयोग • **पारिस्थितिकी तंत्रः** पारिस्थितिकी तंत्र की संकल्पना, संरचना एवं कार्य; प्रकार और लक्षण – वन पारिस्थितिकी तंत्र, चरागाह पारिस्थितिकी तंत्र, रेगिस्तान पारिस्थितिकी तंत्र, जलीय पारिस्थितिकी तंत्र, पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा का प्रवाह • **जैव विविधताः** जैव विविधता का वर्गीकरण एवं मूल्य, जैव विविधता के लिए खतरे, जैव विविधता का संरक्षण • **पर्यावरणीय प्रदूषणः** परिचय, कारण, प्रभाव और वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, समुद्री प्रदूषण, शोर प्रदूषण, थर्मल प्रदूषण, आणुविक खतरे और स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव तथा नियंत्रण के उपाय • **जलवायु परिवर्तन, तापमानवृद्धि (ग्लोबल वार्मिंग):** जैसे गर्मी की लहर (हीट वेव), अम्लीय वर्षा (एसिड रेन), ओजोन परत की कमी, बंजर भूमि का सुधार और स्वास्थ्य पर इनका प्रभाव • **सामाजिक मुद्द और पर्यावरणः** सतत विकास, ऊर्जा, जल और पर्यावरणीय नैतिकता से संबंधित शहरी समस्याएं • पर्यावरणीय सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित अधिनियम **पर्यावरणीय स्वास्थ्य एवं स्वच्छता** • पर्यावरणीय स्वास्थ्य और स्वच्छता की अवधारणा • सुरक्षित जल, जल के स्रोत, जलजनित रोग, जल शोधन प्रक्रिया, जल के घरेलू शुद्धिकरण की अवधारणा • पीने के पानी की गुणवत्ता के भौतिक और रासायनिक मानक और जल की जीवाणु गुणवत्ता का आंकलन करने के लिए परीक्षण • जल संरक्षण की अवधारणाः वर्षा के जल का संचयन और जल विभाजन प्रबंधन • प्रदूषण की रोकथाम की अवधारणा • वायु एवं ध्वनि प्रदूषण • प्रदूषण की रोकथाम में नर्स की भूमिका	• व्याख्यान • चर्चा • पर्यावरणीय सुरक्षा और संरक्षण पर वादविवाद • चार्ट, ग्राफ, मॉडल, फिल्म, स्लाइड का उपयोग करके समझाएं • निर्देशित पठन • जलापूर्ति और शुद्धिकरण स्थलों के दौरे • वर्षा जल संचयन संयंत्रों का निरीक्षण	• लघु उत्तर • निबंध • क्षेत्रीय दौरे की रिपोर्ट

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
		स्वच्छता की अवधारणा की व्याख्या	• ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, मानव उत्सर्जन निपटान एवं प्रबंधन और मलप्रवाह निपटान एवं प्रबंधन • आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले कृमिनाशक एवं कीटनाशक		
		जल संरक्षण, वर्षा के जल का संचयन और जल विभाजन प्रबंधन की व्याख्या		• मलप्रवाह निपटान और उपचार स्थलों, तथा अपशिष्ट निपटान स्थलों के दौरे	
		अपशिष्ट प्रबंधन की व्याख्या			
IV	7 (टी)	सामुदायिक स्तर पर विभिन्न पोषण मूल्यांकन विधियों की व्याख्या	**पोषण मूल्यांकन एवं पोषण शिक्षा** • पोषण की समीक्षा ○ अवधारणाएं, प्रकार ○ भोजन योजनाः लक्ष्य, चरण और विभिन्न आयु वर्गों की आहार योजना ○ उपयुक्त विधियों का उपयोग करके वैयक्तिक, पारिवारिक एवं सामुदायिक पोषण मूल्यांकन	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • रोल प्ले • बाजारों के दौरे • विभिन्न आयु वर्गों के लिए पोषण संबंधी आंकलन	• विभिन्न आयु वर्गों के लिए पोषण आंकलन का प्रदर्शन मूल्यांकन • पोषण आंकलन रिपोर्ट का मूल्यांकन
		चिकित्सीय आहार सहित सभी आयु वर्गों के लिए आहार योजना तैयार करना और आहार प्रदान करना	• खाद्य पदार्थों की स्थानीय उपलब्धता, आहारीय आदतों और आर्थिक स्थिति के अनुसार उपयुक्त वैयक्तिक एवं पारिवारिक आहार की योजना बनाना • सामान्य पोषण संबंधी सलाह • पोषण शिक्षाः उद्देश्य, सिद्धांत और तरीके तथा पुनर्वास		
		सभी आयु वर्गों के लिए पोषण परामर्श और शिक्षा प्रदान करना और राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रमों की व्याख्या	• समीक्षाः पोषण की कमी के विकार • भारत में राष्ट्रीय पोषण नीति और कार्यक्रम	• व्याख्यान • चर्चा	• लघु उत्तर • निबंध
		खाद्य जनित रोगों की प्रारंभिक पहचान एवं प्रारंभिक प्रबंधन करना और उचित रूप से संदर्भित करना	**खाद्य जनित रोग और खाद्य सुरक्षा** **खाद्य जनित रोग** • परिभाषा एवं बोझ, कारण एवं वर्गीकरण • प्रतीक एवं लक्षण • खाद्य जनित रोगजनकों और विषाक्त पदार्थों का संचरण • प्रारंभिक पहचान, प्रारंभिक प्रबंधन और निर्देशन **खाद्य विषाक्तता और खाद्य उन्माद** • जानपदिक विज्ञान की विशेषताएं/नैदानिक विशेषताएं, खाद्य विषाक्तता के प्रकार • खाद्य उन्माद – लक्षण, निवारण और नियंत्रण के उपाय • खाद्य जनित रोगों के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया	• दूध शोधन संयंत्रों, बूचड़खानों के क्षेत्रीय दौरे • पोषण मॉड्यूल का संदर्भ लें – बीपीसीसीएचएन ब्लॉक 2	• क्षेत्रीय दौरे की रिपोर्ट

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
				– यूनिट 1 और यूनिट 5	
V	6 (टी)	व्यवहार परिवर्तन संवाद कौशल की व्याख्या	**संवाद प्रबंधन एवं स्वास्थ्य शिक्षा** • व्यवहार परिवर्तन संवाद कौशल ○ संवाद ○ मानव व्यवहार ○ स्वास्थ्य विश्वास मॉडलः अवधारणाएं एवं और परिभाषा, व्यवहार को प्रभावित करने के तरीके ○ व्यवहार परिवर्तन के चरण ○ व्यवहार परिवर्तन की तकनीकः बीसीसी गतिविधि की योजना बनाने में मार्गदर्शक सिद्धांत ○ व्यवहार परिवर्तन संवाद (बीसीसी) के चरण ○ सामाजिक एवं व्यावहारिक परिवर्तन संवाद योजना (एसबीसीसी): ग्राहकों से सामाजिक वृत्त लेने की तकनीक ○ प्रभावी संवाद में आने वाली बाधाएं, और उन्हें दूर करने के तरीके	• व्याख्यान • चर्चा • रोल प्ले • प्रदर्शनः बीसीसी दक्षताएं • पर्यवेक्षित क्षेत्रीय अभ्यास • बीसीसी / एसबीसीसी मॉड्यूल (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं यूएसएड) का संदर्भ लें	• लघु उत्तर • निबंध
		उचित तरीकों और मीडिया का उपयोग करके स्वस्थ जीवन शैली प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए वैयक्तिक, पारिवारिक और सामुदायिक स्तर पर परामर्श और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना	• स्वास्थ्य संवर्धन एवं स्वास्थ्य शिक्षाः तरीके तकनीक और श्रव्य–दृश्य संसाधन सामग्री (ऑडियो–विजुअल एड्स)		• वैयक्तिक एवं पारिवारिक स्वास्थ्य शिक्षा सत्रों का प्रदर्शन मूल्यांकन
VI	7 (टी)	सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग दृष्टिकोण और अवधारणाओं की व्याख्या	**सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग दृष्टिकोण, अवधारणा, सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग कर्मियों की भूमिका एवं उत्तरदायित्व** • दृष्टिकोणः ○ नर्सिंग प्रक्रिया ○ जानपदिक विज्ञानीय दृष्टिकोण ○ समस्या को हल करने का तरीका ○ साक्ष्य आधारित दृष्टिकोण ○ लोगों को खुद की देखभाल करने के लिए सशक्त बनाना • समीक्षाः प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी)	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • रोल प्ले	• लघु उत्तर • निबंध
		घरेलू दौरों के माध्यम से पारिवारिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और बनाए रखने में सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स की गतिविधियों की पहचान एवं व्याख्या	**घरेलू दौरेः** • अवधारणा, सिद्धांत, प्रक्रिया और तकनीकः बैग तकनीक • सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स के गुण • पारिवारिक स्वास्थ्य सेवाओं में सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग कर्मियों की भूमिका और उत्तरदायित्व	• पर्यवेक्षित क्षेत्रीय अभ्यास	• पर्यवेक्षित क्षेत्रीय अभ्यास का आंकलन

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• समीक्षाः परामर्श के सिद्धांत और तकनीक		
VII	10 (टी)	अपने स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और बनाए रखने के लिए वैयक्तिक और सामूहिक स्तर पर सहायता करने में सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स की विशिष्ट गतिविधियों की व्याख्या स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अनुमोदित सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों के अनुसार स्थायी आदेश/प्रोटोकॉल एवं भारतीय उपचर्या परिषद् विनियमों का पालन करते हुएघर अथवा स्वास्थ्य केंद्रों (एचडब्ल्यूसी) पर प्राथमिक देखभाल प्रदान करना रिकॉर्ड और रिपोर्ट के रखरखाव में कौशल विकसित करना	**वैयक्तिक एवं पारिवारिक स्तर पर उनके स्वास्थ्य वर्द्धन और स्वास्थ्य को बरकरार रखने में सहायक बनना** क) वैयक्तिक एवं पारिवारिक आंकलन (बाल स्वास्थ्य नर्सिंग, चिकित्सीय एवं शल्यचिकित्सीय नर्सिंग और प्रसूति नर्सिंग के दृष्टिकोण से समीक्षा) • बच्चों, महिलाओं, किशोरों, बुजुर्गों आदि का आंकलन • बच्चेः वृद्धि और विकास की निगरानी, पड़ाव • मानवजनित माप, बीएमआई • सामाजिक विकास • तापमान और रक्तचाप की निगरानी • मासिक धर्म • स्तनों की स्व–परीक्षा (बीएसई) और अंडकोषों की स्व–परीक्षा (टीएसई) • विभिन्न रोगों के संकेत • परीक्षणः मधुमेह और अन्नसार के लिए मूत्र, रक्तशर्करा, हीमोग्लोबिन ख) स्वास्थ्य सेवाओं/प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल का प्रावधानः • नियमित जांच, टीकाकरण, परामर्श और निदान • घर और स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर सामान्य रोगों का प्रबंधन • स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अनुमोदित स्थायी आदेश/प्रोटोकॉल के आधार पर देखभाल • स्वास्थ्य केंद्रों में दवा एवं इंजेक्शन वितरण ग) विभिन्न रोगों/ विकलांगताओं के लिए समुदाय में निरंतर चिकित्सीय एवं अनुवर्ती देखभाल घ) ग्राहक और परिवार के लिए निर्धारित/आवश्यक चिकित्सीय प्रक्रियाओं को पूरा करना ङ) स्वास्थ्य रिकॉर्ड और रिपोर्ट का रखरखाव • ग्राहकों के रिकॉर्ड का रखरखाव • सुविधा स्तर पर स्वास्थ्य रिकॉर्ड का रखरखाव • क्लीनिकों/केंद्रों पर और घरेलू व क्षेत्रीय दौरों के दौरान की गई गतिविधियों की रिपोर्ट लेखन और प्रलेखन च) पारिवारिक स्वास्थ्य एवं विकास को	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • रोल प्ले	• लघु उत्तर • निबंध • क्षेत्रीय अभ्यास में नैदानिक प्रदर्शन का आंकलन • प्रयोगशाला प्रक्रियाओं में प्रक्रियात्मक कौशल का आंकलन • रिकॉर्ड और रिपोर्ट का मूल्यांकन

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			प्रभावित करने वाले सामाजिक मुद्दों को सुग्राही बनाना और संभालना • महिला सशक्तिकरण • महिला और बाल शोषण • बुजुर्गों का शोषण • कन्या भ्रूण हत्या • पेशेवर वेश्यावृत्ति • मादक द्रव्यों का सेवन	• दस्तावेज़ और रखरखाव: • व्यक्तिगत रिकॉर्ड • पारिवारिक रिकॉर्ड • स्वास्थ्य केंद्र के रिकॉर्ड	
		पारिवारिक स्वास्थ्य एवं विकास को प्रभावित करने वाले सामाजिक मुद्दों से निपटने में शुरुआती कौशल विकसित करना			
		सामुदायिक संसाधनों का उचित उपयोग करने के लिए परिवारों की पहचान करना और उनकी सहायता करना	छ) ग्राहक और परिवार के लिए सामुदायिक संसाधनों का उपयोग • अभिघात सेवाएं • वृद्धाश्रम • अनाथालय • शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के आश्रय • निराश्रितों के आश्रय • उपशामक देखभाल केंद्र • धर्मशाला देखभाल केंद्र • सहायक जीवन सुविधाएं	• क्षेत्रीय दौरे	• क्षेत्रीय दौरे की रिपोर्ट का मूल्यांकन
VIII	10 (टी)	जानपदिक विज्ञान की अवधारणा, दृष्टिकोण और विधियों की व्याख्या	**जानपदिक विज्ञान का परिचय, दृष्टिकोण एवं प्रक्रियाएं** • जानपदिक विज्ञानः अवधारणा एवं परिभाषा • रोग का फैलाव एवं आवृत्ति • जानपदिक विज्ञान के उद्देश्य एवं उपयोग • रोग के कारण के जानपदिक विज्ञान मॉडल • रोग संचरण की अवधारणा • संचरण के तरीकेः प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष एवं संक्रमण की श्रृंखला • रोग की स्थिति में समय का रुझान या उतार–चढ़ाव • जानपदिक विज्ञान के दृष्टिकोणः वर्णनात्मक, विश्लेषणात्मक एवं प्रयोगात्मक • नियंत्रण उपायों के सिद्धांत / रोग की रोकथाम के स्तर • संचारी रोग की जानपदिक जांच • प्रभावी योजना और हस्तक्षेप के लिए सामुदायिक निदान तैयार करने के लिए बुनियादी जानपदिक विज्ञान उपकरणों का उपयोग	• व्याख्यान • चर्चा • प्रदर्शन • रोल प्ले • क्षेत्रीय दौरेः संचारी रोग अस्पताल और कीटविज्ञान कार्यालय	• लघु उत्तर • निबंध • संचारी रोग अस्पताल के दौरे की रिपोर्ट • कीटविज्ञान कार्यालय के दौर की रिपोर्ट
		संचारी रोग की जानपदिक जांच		• संचारी रोग की जानपदिक जांच	• संचारी रोग की जानपदिक जांच रिपोर्ट और प्रस्तुति
IX	15 (टी)	विशिष्ट संचारी रोगों की जानपदिक विज्ञान की व्याख्या	**संचारी रोग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम** 1. संचारी रोग – वेक्टर जनित रोग (प्रत्येक	• व्याख्यान • चर्चा	• क्षेत्रीय दौरे की रिपोर्ट

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय वस्तु	शिक्षण / अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
